हमेशा जीतने के लिए खेलें, हार से निराश नहीं हों : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

हरदा, 21 जून. जिले के टिमरनी स्थित एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में रविवार को डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा एल.जी. बलवटे मेमोरियल चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया.

यह प्रतियोगिता स्कूल संचालक सचिन बलबटे के दादाजी एल.जी. बलवटे की स्मृति में आयोजित की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया.इस अवसर पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमें हमेशा

एलजी बलवटे स्मृति शतरंज स्पर्धा

जीतने के लिए खेलना चाहिए और यदि हार जाएं तो निराश होने के बजाय फिर से जीत के लिए प्रयास करना चाहिए. वहीं डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक जैन ने कहा कि शतरंज से एकाग्रता बढ़ती है और एकाग्रता से मस्तिष्क का विकास होता है.

प्रतियोगिता में कुल 66 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. इनमें 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में 32 और ओपन वर्ग में 34 खिलाड़ी शामिल हुए. आयोजन के दौरान सचिन बलबटे ने अपने पिता रामकृष्ण बलबटे के साथ विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और भविष्य में भी चेस एसोसिएशन के साथ सहयोग का भरोसा दिया. प्रतियोगिता के दौरान जिला चेस एसोसिएशन ने सामाजिक दायित्व निभाने की दिशा

अंडर-14 वर्ग के विजेता

अंडर-14 वर्ग में खंडवा के आरियन सोलंकी ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि हरदा के शिवांश पाराशर दूसरे स्थान पर रहे. आलोकिक राय तीसरे, उत्कर्ष पाल (खंडवा) चौथे, आरव श्रीवास्तव पांचवें, रणबीर सिंह छठे, शिवांश गौर सातवें और आदेश साहू आठवें स्थान पर रह

में भी पहल की. एसोसिएशन और बलबटे परिवार ने कुपोषित बच्चों को गोद लेने तथा उन्हें आवश्यक सामग्री व पोषण किट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया. इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के संदेश के तहत खिलाड़ियों, अभिभावकों, अतिथियों और सामाजिक संगठनों द्वारा 51 पौधों का रोपण भी किया

ओपन वर्ग के विजेता

ओपन वर्ग में बुरहानपुर के सागर पाहुजा विजेता बने, जबकि खंडवा के अक्षय तोमर दूसरे स्थान पर रहे. सत्यम थम्बारे (बुरहानपुर) तीसरे, भूपेश विश्वकर्मा (बुरहानपुर) चौथे, सिद्धार्थ जैन पांचवें, स्वरित राठौर (खंडवा) छठे, मनमोहन कुशवाहा सातवें और यश पचौरी आठवें स्थान पर रहे.

गया. आयोजन में मीडिया प्रभारी रोहित तिवारी, कोषाध्यक्ष सत्यम बंसल, सहसचिव रामनिवास जाट, राजेश गौर, गणेश पटेल, मनमोहन कुशवाह, वीरेंद्र गुहा, संजीव सलवटे, प्राचार्य आशीष त्रिपाठी सहित खिलाड़ियों के अभिभावक और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन

लाल बहादुर शास्त्री इंग्लिश मीडियम स्कूल में 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास

नवभारत न्यूज

बनखेड़ी, 21 जून. 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री इंग्लिश मीडियम स्कूल में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया. इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' के तहत विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया.

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग आज भारत की सांस्कृतिक पहचान से आगे बढ़कर वैश्विक जनकल्याण का सशक्त माध्यम बन चुका है. योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलित जीवनशैली का आधार भी है.

योग सत्र में मुख्य योग शिक्षक राजकुमार पाली, राजेश स्वामी और देवेंद्र उरहा ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया. कार्यक्रम के योग प्रभारी हेमराज सराठे और सह-प्रभारी हिमांशु श्रीवास्तव ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

समारोह की अध्यक्षता संजीव मालानी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश सराठे, बनखेड़ी मंडल अध्यक्ष भगवती रमेश पटेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष कौशल्या पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश पटेल ने किया. इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे.

एक नजर में

जिला न्यायालय में हुआ अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर

नर्मदापुरम, 21 जून. उच्च न्यायालय जबलपुर एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में रविवार को जिला न्यायालय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें समस्त न्यायाधीशगण, समस्त तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण उपस्थित रहे. जिला न्यायालय परिसर के साथ केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम् में भी योग शिविर का आयोजन 15 जून 2026 से प्रारंभ किया गया था, उसका समापन रविवार 21 जून 2026 को योग दिवस के अवसर पर किया गया .जिसमें विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोज अख्तर, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह सहित समस्त जेल प्रशासन के अधिकारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे. योग तनाव और चिंता को कम करता है और मानसिक स्पष्टत लाता है. योग अनुशासन और सकारात्मक आदतों को बढ़ावा देता है. शांतिपूर्ण जीवनशैली को प्रोत्साहित करता है, जिससे स्वास्थ्य में संतुलन बना रहता है.

योगासन के साथ दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

हरदा , 21 जून. भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में जिले में 17 से 26 जून तक 'नशा मुक्ति सप्ताह' के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति संगोष्ठी एवं नशा मुक्ति शपथ का आयोजन किया गया.

गायत्री परिवार का 24 हजार एक कुण्डीय यज्ञ संपन्न

नर्मदापुरम. अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित घर-घर गायत्री मंत्र जाप एवं एक कुण्डीय यज्ञ की श्रृंखला के अंतर्गत शांति नगर स्थित केशव मांगरोल के निवास पर 24 हजार गायत्री मंत्रों का सामूहिक जाप एवं एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। यज्ञीय कार्यक्रम का संचालन एवं संस्कार महेश ठाकुर, एवं शिवकुमार विश्वकर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के परिजनों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए सामूहिक साधना एवं यज्ञ में आहुतियां प्रदान कीं। धनपाल सिंह राजपूत, दुर्गा लखोदिया, शैलेन्द्र अहिरवार, देवराम राव, उमाशंकर लोवंशी, सोनू लोवंशी, अनीता जाट, रामकुमार सोनी, विनीता सोनी, आरती यादव, अन्नू झिंझोरे, देवेन्द्र यादव, शिवराम, तुलसीराम बाबरिया,प्रीति चावला, संगीता माधवा, कुमारी प्राची चावड़ा, कमलेश मांगरोल, केशव मांगरोल, संध्या मांगरोल एवं रामकुमार गौर उपस्थित रहे।

यूजी री-एग्जाम : सीआईएसएफ की निगरानी में परीक्षा

नर्मदापुरम में नीट -यूजी 2026 री-एग्जाम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, 138 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम. जिले में रविवार को नीट-यूजी 2026 का री-एग्जाम तीन परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ. परीक्षा जिला मुख्यालय स्थित पीएम एक्सीलेंस एनएमवी कॉलेज, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज और केंद्रीय विद्यालय में आयोजित की गई.

परीक्षा केंद्रों पर 1.30 बजते ही एंट्री गेट को बंद कर दी गई. देरी से पहुंचे छात्र-छात्राओं को एंट्री नहीं मिली. शाम 5 बजे पेपर खत्म हुआ.अभ्यर्थी 5.15 बजे केंद्र से बाहर आएं.केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे. जिले में कुल 1283 अभ्यर्थी परीक्षा के लिए

पंजीकृत थे, जिनमें से 1145 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 138 अनुपस्थित रहे. केंद्रवार अनुपस्थिति की बात करें तो एनएमवी कॉलेज में 59, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में 42 और केंद्रीय विद्यालय में 37 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए. एनटीए के आदेश पर जिला प्रशासन ने परीक्षा के सुचारू, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की थीं. सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल, बिजली, बैठने की उचित व्यवस्था सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गईं. परीक्षा से पहले एनटीए द्वारा मॉक ड्रिल भी आयोजित की गई थी, जिससे व्यवस्थाओं की तैयारी को परखा गया. प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर दिशा-निर्देशों के पालन और व्यवस्था की समीक्षा की, ताकि परीक्षा बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके. केंद्र पर किसी भी अभ्यर्थी को मोबाइल, ब्लूटूथ, ईयरफोन, स्मार्ट वॉच जैसे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं थीं. पेपर लीक विवाद के बाद इस बार नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और जिला प्रशासन ने बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की थीं. री-नीट 2026 परीक्षा के लिए एनटीए ने विशेष सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया है.

पुरानी गल्ला मंडी में चाकूबाजी दो पक्षों पर प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

इटारसी, 21 जून. पुरानी गल्ला मंडी खेड़ा में शुक्रवार देर रात अड़ीबाजी और आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट और चाकूबाजी हो गई. घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पहले पक्ष की ओर से सीहोर जिले के शाहगंज निवासी विनय गौर (27) ने शिकायत दर्ज कराई है. विनय के मुताबिक 19 जून की रात करीब 11 बजे गल्ला मंडी में इटारसी निवासी गौरव जायसवाल ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे. इनकार करने पर गौरव ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया.

वहीं दूसरे पक्ष से महावीर स्कूल के पास रहने वाले गौरव जायसवाल (35) ने भी विनय गौर के खिलाफ काउंटर केस दर्ज कराया है. गौरव का आरोप है कि उसी रात गल्ला मंडी के टिन शेड नंबर-7 के पास विनय ने बिना वजह गालियां दीं. विरोध करने पर विनय ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी.

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोनों पक्षों के बयान, घटनास्थल की परिस्थितियां तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

मुख्य बाजार क्षेत्र में हटाया अतिक्रमण

नर्मदापुरम. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार माखन नगर में पिपरिया-नर्मदापुरम मार्ग स्थित मुख्य बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। बाजार क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा सड़कों पर सामान रखे जाने तथा अव्यवस्थित वाहन पार्किंग के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था, जिससे आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस विभाग, राजस्व विभाग तथा स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। सड़क किनारे रखे गए सामान को हटवाया तथा समझाइश दी गई.

न्यायालय-जेल में योग शिविर

नवभारत न्यूज

हरदा, 21 जून. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जिला न्यायालय परिसर और जिला जेल में योगाभ्यास शिविरों का आयोजन किया गया.

यह आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा के अध्यक्ष अरविंद रघुवंशी के निर्देशानुसार, विशेष न्यायाधीश जयदीप सिंह के नेतृत्व और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव चंद्रशेखर राठौर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ.

योग शिविर के दौरान विशेष न्यायाधीश जयदीप सिंह ने कहा कि योग मन को शांत करता है और जब भी मन विचलित हो, योग का सहारा लेना चाहिए. उन्होंने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' रखी गई है, जिसका उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक किया.

हरदा मंडी में उत्साहपूर्वक मनाया योग दिवस

- स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर रहा कार्यक्रम
- विद्यार्थियों और नागरिकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

नवभारत न्यूज

हरदा, 21 जून. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम के साथ सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिला स्तरीय यह कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण, हरदा में संपन्न हुआ, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

कार्यक्रम में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, एसडीएम अशोक कुमार डेहरिया और जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया.

इस अवसर पर कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण भी देखा गया. कार्यक्रम के माध्यम से योग के महत्व, निरोगी जीवन और मानसिक संतुलन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया.

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 21 जून. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिवनी मालवा के शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में उपखंड स्तरीय योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया.कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीएम विजय राय, तहसीलदार नितिन झोड़,

थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमर सिंह उइके सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई. संचालन वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त शिक्षक रघुवंशी ने किया. उन्होंने प्रतिभागियों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया. जनसमूह ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार सहित अनेक योग मुद्राओं का अभ्यास किया.

कतिया समाज शिक्षक समिति ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

हरदा, 21 जून. कतिया समाज शिक्षक समिति हरदा द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मान किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं सावित्रीबाई फुले के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ.

मुख्य अतिथि प्रतीक कुल्हारे ने विद्यार्थियों को श्रेष्ठ नागरिक

बनकर समाज के विकास में योगदान देने का संदेश दिया. समिति अध्यक्ष ओ.पी. देवहारे ने कहा कि समाज का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिवर्ष सम्मान किया जाएगा. कतिया विकास महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सोहन उमरिया ने विद्यार्थियों को यूपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर उच्च पदों पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया.

व्यवस्था | **ताजिया जुलूस, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर प्रशासन ने नागरिकों से मांगा**

मोहर्रम को लेकर हरदा में शांति समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

हरदा, 21 जून. शहर में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.

बैठक में प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ विभिन्न समाजों एवं समुदायों के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर त्योहार को भाईचारे के साथ मनाने पर सहमति जताई.

बैठक में हरदा एसडीएम एस.के. डहरिया, एसडीओपी

शालिनी परस्ते, कोतवाली थाना प्रभारी रोशनलाल भारती, सिविल लाइन थाना प्रभारी रामसुमेर तिवारी और यातायात थाना प्रभारी उमेश ठाकुर सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे.

अधिकारियों ने की अपील

अधिकारियों ने बैठक में उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को दें. साथ ही उन्होंने त्योहार के दौरान सहयोग और संयम बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया. बैठक में मौजूद नागरिकों ने भी प्रशासन को भरोसा दिलाया कि मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए वे पूरा सहयोग करेंगे. बैठक का समापन शांति, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देते हुए किया गया.

इस दौरान मोहर्रम के अवसर पर कानून-व्यवस्था, ताजिया जुलूस के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात भाईचारा बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई.

कार्यालय नगर पालिका परिषद् सीहोर जिला सीहोर (म.प्र.)

क्रमांक 435 GEM / स्वा.शा./2026 — सीहोर, दिनांक 19-6-2026

निविदा विज्ञप्ति

संबंधित क्षेत्र के सेवा प्रदाताओ एवं निर्माताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए GEM गवर्मेन्ट ई मार्केट से निविदा प्रक्रिया के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत निविदा कार्य से संबंधित समस्त अहर्ताएं एवं आवश्यक दस्तावेज www.gem.gov.in पर देखे जा सकते हैं. निविदा में भाग लेने की अन्तिम तिथि 29-06-2026 सायं 21.00.00 तक है. निविदा में यदि किसी प्रकार का कोई संशोधन किया जाता है तो वो समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा. संशोधन को GEM पोर्टल www.gem.gov.in पर ही प्रकाशित किया जाएगा.

क्र.	निविदा क्रमांक	सामग्री का विवरण	अनुमानित लागत	अमानत राशि	कार्य अवधि
1.	GEM/2026/B/7689084	Stable Bleaching Powder for Household and Industrial use (V3) conforming to IS 1065 (Part 1) (Q3)	10.00 लाख रु.	20000 रु.	30 दिवस
2.	GEM/2026/B/7689107	Anti set off Spray Powder (Q3)	10.00 लाख रु.	20000 रु.	30 दिवस

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीहोर